शीर्षप्राथमिकता / विशेष ध्यानाकर्षण।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की,
डिप्लोमा इन फार्मेसी की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु04 / प्रयोगा0परी0 / 2024 / 3420 लखनऊः दिनांकः– 30/07/2024

विषयः डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की वार्षिक / बैक पेपर, प्रयोगात्मक परीक्षा जून–2024 सम्पन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप / अनु04 / प्रयोगा0परी0 / 2024 / 2980, दिनांक 16.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम जून–2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 16 / 07 / 2024 से 31 / 07 / 2024 के मध्य सम्पन्न कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

सूच्य है कि परिषद से सम्बद्ध कतिपय संस्थाओं द्वारा अपरिहार्य कारणों से डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न नहीं करायी गयी हैं, अतः उक्त के दृष्टिगत प्रयोगात्मक परीक्षा की अंतिम तिथि 31 / 07 / 2024 से विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 01 / 08 / 2024 निर्धारित की जाती है।

निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था में नियुक्त परीक्षक से दिनांक 01 / 08 / 2024 की सांय 05:00 बजे तक डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठयकम जून–2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा, एवं आनलाइन मार्क्स फीडिंग संबंधी समस्त कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिये जायें। यदि कोई संस्था निर्धारित दिनांक 01 / 08 / 2024 तक प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने एवं मार्क्स फीडिंग संबंधी कार्य पूर्ण कराने में असफल रहती है तो परिषद द्वारा आनलाइन मार्क्स फीडिंग एवं प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु किसी भी दशा में पोर्टल नहीं खोला जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य / निदेशक एवं संस्था में नियुक्त परीक्षक का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु04 / 2024 / 3421-24 तद्दिनांकः– 30/07/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव, महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ।
4. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।